2022

ssgcp.com
t.me/ssgcp
ssgc.gs.qa
ssghatnachakra
SamsamyikGhatna

सम-सामयिक
घटना चक्र
परीक्षा संवाद के 29 वर्ष

करेन्ट अफेयर्स व्हाइटर

का

संक्षिप्त वार्षिक संकलन

(1 जनवरी, 2022 से
30 सितंबर, 2022 तक
अद्यतन)

₹ 80/-

ई-बुक पढ़ें
अपडेटेड रहें
देखें पृष्ठ - 96

CASH BACK ₹40

Validity upto September, 2023

See Page - 96

(c) प्रकाशकाधीन :
संस्करण- वार्षिकांक
ले.- SSGC
मूल्य : 80 /-
मुद्रक- कोर पब्लिशिंग सोल्यूशन
मुद्रण क्रम : प्रथम
संपर्क-
सम-सामयिक घटना चक्र
188A / 128 एलनगंज, चर्चलेन
प्रयागराज (इलाहाबाद) - 211002
Ph.: 0532-2465524, 2465525
Mob.: 9335140296
e-mail : ssgcald@yahoo.co.in
Website : ssgcp.com
e-shop Web.: shop.ssgcp.com

■ इस प्रकाशन के किसी भी अंश का पुनः प्रस्तुतीकरण या किसी भी रूप में प्रतिलिपिकरण (फोटोप्रति या किसी भी माध्यम में ग्राफिक्स के रूप में संग्रहण, इलेक्ट्रॉनिक या यांत्रिकीकरण द्वारा जहां कहीं या अस्थायी रूप से या किसी अन्य प्रकार के प्रसंगवश इस प्रकाशन का उपयोग भी) कॉपीराइट के स्वामित्व धारक के लिखित अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता है।

किसी भी प्रकार से इसके भंग होने या अनुमति न लेने की स्थिति में बिना किसी पूर्व सूचना के उन पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

*इस प्रकाशन से संबंधित सभी विवादों का निपटारा न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज (इलाहाबाद) के न्यायालय न्यायाधिकरण के अधीन होगा।

संकलन सहयोग-
- **सौरभ मेहरोत्रा**
- **कैलाश मणि त्रिपाठी**
- **शिव शंकर तिवारी**
- **मनीष प्रियदर्शी**
- **आदित्य भारद्वाज**
- **अभिषेक कुमार**
- **संतोष कुमार त्रिपाठी**
- **फैज़ुल इस्लाम अंसारी**
- **ज़ुबैर अहमद**
- **मोहम्मद ताहिर**

समारम्भ

करेन्ट अफेयर्स प्वाइंटर के वार्षिक संकलन का प्रकाशन इसलिए किया जा रहा है कि परीक्षा पूर्व आसानी से वर्षभर की सम-सामयिक घटनाओं को दुहराया जा सके। अति संक्षिप्त प्रारूप में प्रस्तुत तथ्यों को बार-बार पढ़कर इन्हें आप अपने मस्तिष्क पटल पर अंकित रख पाने में सफल होंगे, बेहद कम समय में। यदि कहीं विस्तृत संदर्भ की जरूरत पड़े, तो हमारी मासिक पत्रिकाओं में आप देख सकते हैं। संकलन 1 जनवरी, 2022 से 30 सितंबर, 2022 तक अद्यतन है। इस संकलन में विगत एक वर्ष की घटनाओं पर विशेष रूप से फोकस किया गया है, क्योंकि प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं में करेन्ट अफेयर्स के लगभग सभी प्रश्न प्रायः उपर्युक्त अवधि की घटनाओं पर ही आधारित रहते हैं।

प्रस्तुत संस्करण की एक खास बात यह है कि इसमें सार-संग्रह के तहत वर्षभर की घटनाओं को एक दृष्टि में (At a Glance) प्रस्तुत किया गया है। मुख्य बिंदु परीक्षार्थियों के मानस पटल पर अंकित रहें इसके लिए तथ्यों को लाल रंग से उकेरा गया है। यह संकलन अगले 2 माह में होने वाली विभिन्न प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं के लिए विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध होगा।

अनुक्रमणिका

❑ **राष्ट्रीय** 3-19

● राजनीतिक क्षेत्र ● योजना / परियोजना ● रिपोर्ट / मसौदे / नीतियां / सूचकांक ● आयोजन / कार्यक्रम स्थल ● विविध

❑ **अंतरराष्ट्रीय** 20-35

● अंतरराष्ट्रीय संबंध ● अंतरराष्ट्रीय प्रकरण ● अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ● अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट / सूचकांक ● अंतरराष्ट्रीय निर्वाचन

❑ **आर्थिकी** 36-48

● राजकोषीय घटनाक्रम ● प्रमुख नीतिगत दस्तावेज / रिपोर्ट ● कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र ● उद्योग क्षेत्र ● अंतरराष्ट्रीय आर्थिक घटनाक्रम ● प्रमुख रिपोर्टें / वैश्विक सूचकांक

❑ **वैज्ञानिक** 49-64

● अद्यतन खगोलीय गतिविधियां ● अद्यतन तकनीक एवं प्रौद्योगिकी ● अद्यतन चिकित्सा विज्ञान ● अद्यतन पर्यावरण विज्ञान ● रक्षा विज्ञान

❑ **उत्तर प्रदेश** 65-67

❑ **संक्षिप्तियां** 68-85

● राष्ट्रीय व्यक्तित्व ● अंतरराष्ट्रीय व्यक्तित्व ● चर्चित खेल व्यक्तित्व ● राष्ट्रीय पुरस्कार ● अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार ● चर्चित स्थल ● ऑपरेशन / अभियान ● सम्मेलन / समारोह ● योजना / परियोजना ● संधि / समझौता ● संघ / संगठन ● आयोग / समिति ● विधि / न्याय ● वर्ष / दिवस ● पुस्तकें ● विविध

❑ **खेल** 86-95

राजनीतिक क्षेत्र

➡ छत्तीसगढ़ राज्य में नवगठित जिलों के नाम हैं (सितंबर, 2022)
- मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी
- सारनगढ़- बिलाईगढ़
- खैरागढ़ - छुईखादन - गण्डई
- मनेंद्रगढ़ - चिरमिरी-भरतपुर
- सक्ति

➲ वर्तमान में छत्तीसगढ़ में जिलों की कुल संख्या है? (सितंबर, 2022)
- 33

➡ हाल ही में किस सेना के नए ध्वज का अनावरण किया गया? (2 सितंबर, 2022) **- भारतीय नौसेना**

➲ नया ध्वज किससे प्रेरित है? **- छत्रपति शिवाजी**

➲ नए ध्वज का अनावरण किसने किया? **- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**

➡ 17वें प्रवासी भारतीय दिवस की मेजबानी किस शहर द्वारा की जाएगी?
- इंदौर (मध्य प्रदेश)

➲ यह आयोजन कब किया जाएगा? **- जनवरी, 2023 में**

➡ केंद्र सरकार ने किस राज्य में परिवार कल्याण कार्ड जारी करने की योजना को मंजूरी प्रदान की? (अगस्त, 2022)
- उत्तर प्रदेश में

➲ परिवार कल्याण कार्ड कितने अंकों का फेमिली आईकार्ड है?
- 12 अंकों का

➡ पंजाब और हरियाणा राज्य सरकार द्वारा चण्डीगढ़ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का नाम परिवर्तित कर किसके नाम पर रखने का निर्णय लिया गया है? (20 अगस्त, 2022) **- शहीद भगत सिंह**

➡ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किस वर्ष तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए 'पंच प्रण' लेने का आह्वान किया गया है? (15 अगस्त, 2022)
- वर्ष 2047 तक

➡ 15 अगस्त, 2022 को कौन-सा स्वतंत्रता दिवस मनाया गया?
- 76वां

➲ इस दिन भारत को स्वतंत्रता प्राप्त हुए कितने वर्ष पूर्ण हो गए?
- 75 वर्ष

➲ 76वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शांतिकाल के दूसरे सर्वोच्च वीरता पुरस्कार कीर्ति चक्र से किसे सम्मानित किया गया? (14 अगस्त, 2022) **- नायक देवेंद्र प्रताप सिंह**

➡ 8वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ किसने ली? (10 अगस्त, 2022) **- नीतीश कुमार**

➡ हाल ही में असम और किस राज्य की सरकार ने सीमा विवाद के समाधान की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने पर संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर किए? (9 अगस्त, 2022) **- मिजोरम**

➲ असम और मिजोरम कितनी लंबी सीमा साझा करते हैं?
- 164.6 किलोमीटर

➡ देश के 14वें उप-राष्ट्रपति कौन निर्वाचित हुए? (7 अगस्त, 2022)
- जगदीप धनखड़

➡ दण्ड प्रक्रिया (शनाख्त) अधिनियम [The Criminal Procedure (Identification) Act], 2022 कब से लागू हो गया है?
- 4 अगस्त, 2022

➲ सद्यः अधिनियम किस अधिनियम का स्थान लेता है?
- बंदी की शनाख्त अधिनियम (The Identification of Prisoners Act), 1920

➡ किस राज्य ने अपने एक जिले के नाम को बदलने हेतु आदेश जारी किया? (2 अगस्त, 2022) **- आंध्र प्रदेश**

➲ आंध्र प्रदेश ने अपने किस जिले का नाम बदला है?
- कोनसीमा जिले का

➲ आंध्र प्रदेश द्वारा कोनसीमा जिले का नाम बदलकर क्या रखा गया है? **- डॉ.बी.आर. अंबेडकर कोनसीमा जिला**

➡ किस राज्य सरकार ने 7 नए जिलों के सृजन की घोषणा की? (1 अगस्त, 2022) **- पश्चिम बंगाल**

➲ 7 नए जिलों के साथ पश्चिम बंगाल में कुल जिलों की संख्या बढ़कर कितनी हो जाएगी? **- 30**

➡ किस राज्य ने वर्ष 2021 में राज्य विधानसभा की सबसे अधिक बैठकें आयोजित कीं? (जुलाई, 2022) **- केरल (61 दिनों तक)**

➲ इस सूची में दूसरे स्थान पर कौन-सा राज्य रहा?
- ओडिशा (43 दिन)

➲ इस रिपोर्ट को किस संस्था द्वारा जारी किया गया है?
- PRS लेजिस्लेटिव रिसर्च

➡ कारगिल क्षेत्र में द्रास स्थित 'प्वॉइंट 5140' का नया नाम क्या है? (30 जुलाई, 2022) **- 'गन हिल'**

➲ नया नामकरण किस सैन्य ऑपरेशन में सैनिकों के बलिदान के सम्मान में किया गया है? **- ऑपरेशन विजय**

➡ 'नामसाई घोषणा-पत्र' किन दो राज्यों के सीमा विवाद समाधान से संबंधित है? (15 जुलाई, 2022) **- असम और अरुणाचल प्रदेश**

➲ नामसाई जिला स्थित है **- अरुणाचल प्रदेश**

➡ प्रधानमंत्री ने किस राज्य की विधानसभा के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 'शताब्दी स्मृति स्तंभ' का उद्घाटन किया? (जुलाई, 2022) **- बिहार**

➡ प्रधानमंत्री द्वारा कहां पर राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ का अनावरण किया गया? (11 जुलाई, 2022) **- नई संसद भवन की छत पर**

➲ राष्ट्रीय प्रतीक किस धातु से निर्मित है? **- कांस्य धातु से**

➲ प्रतिमा का कुल वजन **- 9500 किलोग्राम**

➲ इसकी ऊंचाई **- 6.5 मीटर**

➡ भारत की पहली 'बालिका पंचायत पहल' किस राज्य में शुरू की गई? (जून, 2022) **- गुजरात (कच्छ जिला)**

➡ हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय की किसकी अगुवाई वाली न्यायधीशों की पीठ ने यौन कार्य को 'पेशे' के रूप में मान्यता दी? (मई, 2022) **- एल. नागेश्वर राव**

➡ औरंगाबाद और उस्मानाबाद शहर का नाम बदलकर क्या रख दिया गया? (29 जून, 2022) **- क्रमशः संभाजी नगर और धाराशिव**

➲ यह दो शहर किस राज्य में अवस्थित हैं? **- महाराष्ट्र**

➡ बिप्लब कुमार देब के इस्तीफे के पश्चात त्रिपुरा के नए मुख्यमंत्री के रूप में किसने शपथ ग्रहण की? (15 मई, 2022) **- माणिक साहा**

➡ परिसीमन आयोग (Delimitation Commission) द्वारा किस केंद्रशासित प्रदेश के लिए परिसीमन आदेश को अंतिम रूप दिया गया? (5 मई, 2022) **- जम्मू और कश्मीर**

➲ इस आयोग का गठन किसकी अध्यक्षता में किया गया था? **- रंजना प्रकाश देसाई (सर्वोच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश)**

➲ अंतिम परिसीमन आदेश के अनुसार, जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या कितनी है? **- 90**

➲ इनमें से जम्मू क्षेत्र एवं कश्मीर क्षेत्र में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या कितनी है? **- क्रमशः 43 एवं 47**

➲ जम्मू एवं कश्मीर में कितने विधानसभा क्षेत्र अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित किए गए हैं? **- 9**

➲ जम्मू एवं कश्मीर में संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या कितनी है? **- 5**

➡ किस राज्य में नए जिलों का गठन किया गया? (अप्रैल, 2022) **- आंध्र प्रदेश**

➲ इन नए जिलों की संख्या कितनी है? **- 13**

➡ भारत निर्वाचन आयोग ने किन राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम की घोषणा की? (10 मार्च, 2022) .

- उत्तर प्रदेश, पंजाब, गोवा, उत्तराखण्ड तथा मणिपुर

➲ ये विधानसभा चुनाव कब-से-कब तक आयोजित हुए? **- 10 फरवरी से 7 मार्च, 2022 तक**

➲ उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव कितने चरणों में आयोजित हुआ ? **- सात चरण**

➲ पंजाब के नए मुख्यमंत्री कौन बने? (16 मार्च, 2022) **- भगवंत मान (आम आदमी पार्टी)**

➲ लगातार दूसरे कार्यकाल हेतु गोवा के मुख्यमंत्री कौन बने? (28 मार्च, 2022) **- प्रमोद सावंत**

➲ दूसरे कार्यकाल हेतु उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पद की शपथ किसने ली? (23 मार्च, 2022) **- पुष्कर सिंह धामी**

➲ लगातार दूसरे कार्यकाल हेतु मणिपुर के मुख्यमंत्री बने? **- एन. बीरेन सिंह**

➲ लगातार दूसरे कार्यकाल हेतु उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली (25 मार्च, 2022) **- योगी आदित्यनाथ ने**

➡ भारत सरकार ने मध्य प्रदेश में कितने स्थानों के नाम बदलने की मंजूरी प्रदान की? (फरवरी, 2022) **- तीन**

➲ ये तीन स्थान एवं उनके नए नाम हैं? **- (1) होशंगाबाद नगर को नर्मदापुरम (2) शिवपुरी को कुण्डेश्वर धाम (3) बाबई को माखन नगर**

➡ राष्ट्रीय सिंगल विण्डो क्लीयरेंस सिस्टम (NSWS) के साथ एकीकृत होने वाला पहला केंद्रशासित प्रदेश कौन बना? (फरवरी, 2022) **- जम्मू और कश्मीर**

➡ पंजाब विधानसभा चुनाव, 2022 के लिए किस चुनावी शुभंकर का अनावरण किया गया? (30 जनवरी, 2022) **- शेरा**

➡ किस राज्य सरकार ने 'चिंतामणि पद्य नाटकम्' के मंचन पर प्रतिबंध लगा दिया? (17 जनवरी, 2022) **- आंध्र प्रदेश**

➲ यह नाटक किसके द्वारा लिखित है? **- कल्लाकुरी नारायण राव**

➡ यू.पी. सरकार ने किस जिले के 4 वन गांवों को राजस्व गांव घोषित कर दिया है ? (8 जनवरी, 2022) **- बहराइच**

➡ लोक सभा तथा विधानसभा चुनावों में उम्मीदवारों द्वारा किए जाने वाले चुनाव खर्च की सीमा की घोषणा किसके द्वारा की गई? (6 जनवरी, 2022) **- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा**

➲ बड़े राज्यों में प्रत्येक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए चुनाव खर्च की सीमा कितनी है? **- 95 लाख रुपये (वर्ष 2014 में 70 लाख रुपये)**

➲ छोटे राज्यों में प्रत्येक संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव खर्च की सीमा कितनी है? **- 75 लाख रुपये (वर्ष 2014 में 54 लाख रुपये)**

➲ बड़े राज्यों में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों के लिए चुनाव खर्च की सीमा कितनी है? **- 40 लाख रुपये (वर्ष 2014 में 28 लाख रुपये)**

➲ छोटे राज्यों में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों के लिए चुनाव खर्च की सीमा कितनी है? **- 28 लाख रुपये (वर्ष 2014 में 20 लाख रुपये)**

➡ दिल्ली शिक्षक विश्वविद्यालय विधेयक,2022 किसके द्वारा पारित किया गया? (4 जनवरी, 2022)

- दिल्ली विधानसभा द्वारा

➲ दिल्ली शिक्षक विश्वविद्यालय कहां स्थापित किया जाएगा?

- बक्करवाला गांव (दिल्ली)

➡ 'दिल्ली सिख गुरुद्वारा (संशोधन) विधेयक,2022' किसके द्वारा पारित किया गया ? (4 जनवरी, 2022) **- दिल्ली विधानसभा द्वारा**

➲ यह विधेयक किस अधिनियम में संशोधन करता है?

- दिल्ली सिख गुरुद्वारा अधिनियम, 1971

➲ प्रस्तावित संशोधन के उपरांत 'दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी' के कुल सदस्यों की संख्या कितनी हो जाएगी?

- 56 (46 निर्वाचित + 10 मनोनीत)

➡ नगालैण्ड सरकार ने कौन-से चार नए जिले बनाए? (दिसंबर, 2021 एवं जनवरी, 2022)

- शामटोर, त्सेमिन्यु, निउलैण्ड व चुमुकेडिमा (कुल 16 जिले)

➡ किस राज्य सरकार ने जगन्नाथ रथ यात्रा को राज्य उत्सव घोषित किया ? (19 दिसंबर, 2021) **- पंजाब**

➡ केंद्रीय मंत्रिमण्डल ने विवाह हेतु महिलाओं की न्यूनतम आयु को कितने वर्ष रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दी ? (15 दिसंबर, 2021)

- 21 वर्ष

➡ सामान्य वर्ग आयोग के गठन की अधिसूचना किस राज्य सरकार द्वारा जारी की गई ? (10 दिसंबर, 2021) **- हिमाचल प्रदेश**

➡ किस राज्य ने अपने दो जिलों में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली को लागू करने की घोषणा की ? (9 दिसंबर, 2021)

- मध्य प्रदेश

➲ मध्य प्रदेश ने किन दो जिलों में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली को लागू करने की घोषणा की ? **- भोपाल एवं इंदौर**

➡ मध्य प्रदेश स्थित हबीबगंज रेलवे स्टेशन का नाम परिवर्तित कर किया गया है (15 नवंबर, 2021) **- रानी कमलापति रेलवे स्टेशन**

➡ कक्षा 1 से 10 तक पंजाबी भाषा को अनिवार्य करने वाला राज्य है (12 नवंबर, 2021) **- पंजाब**

➡ 10 नवंबर, 2021 को नई दिल्ली में भारत द्वारा क्षेत्रीय सुरक्षा शिखर सम्मेलन की मेजबानी की गई, जिसका फोकस देश रहा

- अफगानिस्तान

➡ 9 नवंबर, 2021 को उत्तराखंड का स्थापना दिवस मनाया गया

- 21वां

➡ पूर्वी-पश्चिम खासी हिल्स जिले के निर्माण को मंजूरी देने वाला राज्य है (6 नवंबर, 2021) **- मेघालय**

➡ 5 नवंबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित केदारनाथ मंदिर परिसर में किनकी प्रतिमा एवं समाधि का अनावरण किया? **- आदि शंकराचार्य**

➲ आदि शंकराचार्य जिस सिद्धांत के प्रतिपादक थे **- अद्वैतवाद**

➡ प्रतिवर्ष 17 सितंबर को राज्य में सामाजिक न्याय दिवस मनाए जाने की घोषणा करने वाला राज्य है **- तमिलनाडु**

➲ द्रविड़ आंदोलन के जनक, जिनकी जयंती पर 17 सितंबर को तमिलनाडु में सामाजिक न्याय दिवस मनाया जाएगा **- ई.वी. रामास्वामी पेरियार**

➡ गुजरात के 17वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण किया (13 सितंबर, 2021) **- भूपेंद्र पटेल ने**

योजना/परियोजना

➡ केंद्रीय मंत्रिमण्डल द्वारा स्वीकृत एक नई केंद्र प्रयोजित योजना कौन सी है? (सितंबर, 2022) **- PM श्री स्कूल्स**

➲ PM श्री स्कूल्स का पूरा नाम क्या है?

-PM स्कूल्स फॉर राइजिंग इण्डिया (PM Schools for Rising India)

➡ 'श्रेष्ठ' (SHRESHTA) योजना की शुरुआत किसने की? (3 जून, 2022) **- केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने**

➲ 'SHRESHTA' का पूर्ण रूप क्या है?

-Scheme for Residential Education for Students in High school in Targeted Areas

➡ भारत का पहला "डार्क स्काई रिजर्व" स्थापित किया जाएगा (3 सितंबर, 2022) **- लद्दाख के हनले में**

➲ डार्क स्काई रिजर्व को किस वन्यजीव अभयारण्य के एक भाग के रूप में स्थापित किया जाएगा? **- चांगथांग वन्यजीव अभयारण्य में**

➡ 'प्रधानमंत्री जन-धन योजना' (PMJDY) ने सफल कार्यान्वयन के कितने वर्ष पूर्ण किए? (28 अगस्त, 2022) **- आठ वर्ष**

➲ योजना को कब लांच किया गया था? **- 28 अगस्त, 2014 को**

➡ केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह द्वारा जारी किया गया लोगो-वासुकी अभियान का संबंध किससे है? (28 अगस्त, 2022)

- तटीय सफाई अभियान

➡ नदियों के सतत विकास के लिए नए मॉडल का नाम क्या है? (अगस्त, 2022) **- अर्थगंगा**

➡ पदयात्रियों हेतु "अटल ब्रिज" का निर्माण कहां किया गया है? (27 अगस्त, 2022) **- अहमदाबाद, गुजरात**

➲ "अटल ब्रिज" किस नदी पर बनाया गया है? **- साबरमती नदी**

➡ नीति आयोग के सहयोग से अटल टिंकरिंग लैब स्थापित करने वाला पहला राज्य/केंद्रशासित प्रदेश कौन-सा है? (25 अगस्त, 2022)

- जम्मू और कश्मीर

➡ देश की पहली शिक्षा टाउनशिप (Education Township) का निर्माण किस राज्य में किया जाएगा? (अगस्त, 2022) **- उत्तर प्रदेश**

➡ ग्रामीण उद्यमी परियोजना के दूसरे चरण का शुभारंभ कहां से किया गया? (20 अगस्त, 2022) **- रांची, झारखण्ड**

➲ परियोजना का उद्देश्य क्या है?

- जनजातीय युवाओं में कौशल विकास व उद्यमिता को बढ़ावा देना

➲ परियोजना का कार्यान्वयन किया जाएगा

- महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखण्ड एवं मध्य प्रदेश में

➡ किस राज्य सरकार ने सौर ऊर्जा नीति, 2022 का मसौदा जारी किया? (19 अगस्त, 2022) **- उत्तर प्रदेश**

➲ प्रदेश सरकार ने वर्ष 2026-27 तक कितने मेगावॉट सौर ऊर्जा क्षमता प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है? **- 16,000**

➡ भारत का पहला "हर घर जल" प्रमाणित राज्य कौन-सा है? (18 अगस्त, 2022) **- गोवा**

➲ पहला "हर घर जल" प्रमाणित केंद्रशासित प्रदेश कौन-सा है?

- दादरा एवं नागर हवेली और दमण एवं दीव

➡ भारत का पहला "हर घर जल" प्रमाणित जिला कौन बना? (जुलाई, 2022) **- बुरहानपुर (मध्य प्रदेश)**

➲ जल जीवन मिशन के तहत "हर घर जल" (प्रत्येक ग्रामीण घर में) कब तक उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है?

- वर्ष 2024 तक

➡ देश के कितने शहरों में सफाई कार्यों के मशीनीकृत होने की घोषणा की गई है? (17 अगस्त, 2022) **- 500 शहरों में**

➲ किस समयावधि तक सभी भारतीय शहरों को "सफाई मित्र सुरक्षित शहर" घोषित करने का लक्ष्य है? **- मार्च, 2024 तक**

➲ "नमस्ते योजना" का संबंध है?

- शहरों की मशीनीकृत सफाई से

➲ "नमस्ते योजना" किन मंत्रालयों की संयुक्त योजना है? **- आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय**

➲ 'NAMASTE' का पूर्ण रूप है

- National Action for Mechanized Sanitation Ecosystem

➡ भारत का पहला पूर्ण कार्यात्मक साक्षर जिला कौन-सा है? (15 अगस्त, 2022) **- मण्डला (म.प्र.)**

➡ SMILE का पूर्ण रूप क्या है? **- Support for Marginalised Individuals for Livelihood and Enterprise**

➲ SMILE योजना किन व्यक्तियों के पुनर्वास से संबंधति है?

1. ट्रांसजेण्डर, 2. भिक्षावृत्ति में संलग्न व्यक्तियों

➲ भिक्षावृत्ति में संलग्न व्यक्तियों के व्यापक पुनर्वास की किस उप-योजना को लांच किया गया? (12 अगस्त, 2022) **- स्माइल-75**

➲ यह पहल किस मंत्रालय की पहल है?

- केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

➡ किस योजना के तहत, श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर "उम्मीद मार्केट प्लेस" का निर्माण किया गया? (10 अगस्त, 2022)

- AVSAR योजना

➲ AVSAR योजना का संचालन किसके द्वारा किया जा रहा है?

- भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI)

➲ AVSAR का पूर्णरूप क्या है? **- Airport as Venue for Skilled Artisans of the Region**

➡ केंद्र सरकार द्वारा 'प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी' को कब तक जारी रखने को मंजूरी दी गई? (10 अगस्त, 2022)

- 31 दिसंबर, 2024

➡ 'भारत की उड़ान' (India Ki Udaan) पहल का प्रारंभ किसने किया है? (5 अगस्त, 2022) **- केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय तथा गूगल ने**

➡ सरकारी एवं निजी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में अनुसंधान क्षमताओं को बढ़ाने हेतु किस योजना की शुरुआत की गई? (3 अगस्त, 2022)

- स्टेट यूनिवर्सिटी रिसर्च एक्सीलेंस (SURE)

➲ इस योजना की शुरुआत किसके द्वारा की गई?

- विज्ञान और इंजीनियरी अनुसंधान बोर्ड (SERB)

➡ भारत की सबसे बड़ी 'घरेलू सामग्री आवश्यकता' आधारित सौर परियोजना कहां स्थापित की जा रही है? (30 जुलाई, 2022)

- जैसलमेर (राजस्थान)

➲ इसकी क्षमता होगी **- 735 मेगावॉट**

➡ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किस फ्लोटिंग सौर परियोजना का उद्घाटन किया? (30 जुलाई, 2022)

- कायमकुलम फ्लोटिंग सौर परियोजना, केरल

➲ इस परियोजना की क्षमता कितनी है?

- 92 MW

➲ भारत की दूसरी सबसे बड़ी फ्लोटिंग सौर फोटोवोल्टेइक (PV) परियोजना कौन-सी है?

- कायमकुलम फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट

➲ भारत की सबसे बड़ी फ्लोटिंग सौर फोटोवोल्टेइक परियोजना कौन सी है?

- रामागुण्डम फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट, तेलंगाना

➲ रामागुण्डम फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट की क्षमता कितनी है?

- 100 MW

➡ प्रधानमंत्री द्वारा बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किस जिले में किया गया? (16 जुलाई, 2022)

- जालौन (उरई तहसील), उत्तर प्रदेश

➲ बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस-वे की कुल लंबाई कितने किलोमीटर है?

- 296.07 किमी.

➲ यह एक्सप्रेस-वे कितने जिलों से होकर गुजरता है?

- 7 जिले (चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, जालौन, औरैया और इटावा)

➡ महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तीकरण हेतु किस योजना के लिए एक विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं? (14 जुलाई, 2022)

- 'मिशन शक्ति' के लिए

➲ यह दिशा-निर्देश किसने जारी किया है?

- केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने

➲ 'मिशन शक्ति' योजना हेतु निर्धारित अवधि क्या है?

- 15वें वित्त आयोग की अवधि 2021-22 से 2025-26

➲ 'मिशन शक्ति' की 2 उप-योजनाएं कौन-सी हैं?
- संबल और सामर्थ्य

➡ थर्मल पॉवर प्लांट्स में बायोमास के उपयोग पर राष्ट्रीय मिशन का क्या नाम है? (14 जुलाई, 2022) **- समर्थ**

➡ नई शिक्षा नीति (NEP), 2020 को पूर्व-प्राथमिक स्तर पर लागू करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है (12 जुलाई, 2022)
- उत्तराखण्ड

➡ भारत का पहला एलिवेटेड शहरी एक्सप्रेस-वे कहां विकसित किया जा रहा है? (11 जुलाई, 2022) **- दिल्ली से गुरुग्राम के बीच**
➲ एक्सप्रेस-वे को किस नाम से जाना जाता है? **- द्वारका एक्सप्रेस-वे**
➲ एक्सप्रेस-वे की कुल लंबाई
- 29 किलोमीटर (19 किमी. हरियाणा में एवं 10 किमी. दिल्ली में)

➡ 'वन हेल्थ' को प्रायोगिक तौर पर कहां शुरू किया गया? (28 जून, 2022) **- बंगलुरू (कर्नाटक) में**
➲ किस संस्थान ने इसकी शुरुआत की?
- पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD) ने

➡ निर्माण श्रमिकों के कौशल प्रशिक्षण के लिए किस परियोजना का शुभारंभ किया गया? (20 जून, 2022) **- निपुण (NIPUN)**
➲ NIPUN का पूर्ण रूप है? **- निर्माण श्रमिकों के कौशल को और बेहतर करने के लिए राष्ट्रीय पहल (National Initiative for Promoting Upskilling of Nirman workers)**
➲ निपुण को किस मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया?
- आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA) द्वारा
➲ निपुण को MoHUA के किस मिशन के तहत शुरू किया गया है?
- दीन दयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM)
➲ निपुण परियोजना का कार्यान्वयन भागीदार कौन है?
- राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC)

➡ भारत के पहले 100 MLD क्षमता के सरकारी विलवणीकरण संयंत्र (Desalination Plant) का उद्घाटन किस राज्य में किया गया? (जून, 2022) **- गुजरात (दहेज में)**

➡ केंद्रीय मंत्रिमण्डल ने भारतीय युवाओं के लिए सशस्त्र बलों में सेवा हेतु किस योजना को मंजूरी प्रदान की? (14 जून, 2022)
- अग्निपथ योजना
➲ इस योजना के तहत, चुने गए युवाओं को क्या कहा जाएगा?
- अग्निवीर

➡ ड्रोन नीति को मंजूरी देने वाला भारत का पहला राज्य कौन बना? (जून, 2022) **- हिमाचल प्रदेश**
➲ इस ड्रोन नीति का क्या नाम होगा?
- हिमाचल प्रदेश ड्रोन नीति, 2022

➡ 'राष्ट्रीय वायु खेल नीति, 2022' का प्रारंभ किसने किया? (7 जून, 2022) **- केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया**
➲ यह नीति किस वर्ष तक भारत को एयर स्पोर्ट्स के शीर्ष राष्ट्रों में से एक बनाने के दृष्टिकोण पर आधारित है? **- वर्ष 2030 तक**

➡ देश की किस मुफ्त टेलीमेडिसिन सेवा को एबीडीएम (आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन) के साथ एकीकृत करने की घोषणा की गई? (3 जून, 2022) **- 'ई-संजीवनी' (e- Sanjeevani) को**

➡ जैव विविधता के संरक्षण व उद्धार हेतु किसने नवीनीकृत जैव विविधता नीति, 2022 जारी की है? (31 मई, 2022)
- एनटीपीसी लिमिटेड ने
➲ जैव विविधता नीति जारी करने वाला सार्वजनिक क्षेत्र का पहला उपक्रम कौन है? **- एनटीपीसी लि. (वर्ष 2018 में)**

➡ भारत का पहला पवन-सौर हाइब्रिड पावर प्लांट कहां स्थापित किया गया? (28 मई, 2022) **- जैसलमेर, राजस्थान में**
➲ इस संयंत्र की क्षमता कितनी है?
- 390 MW
➲ इस संयंत्र को किसने स्थापित किया है?
- अडानी हाइब्रिड एनर्जी जैसलमेर वन लिमिटेड (AHEJOL) ने

➡ उत्तर भारत के पहले औद्योगिक जैव प्रौद्योगिकी (Biotechnology) पार्क का उद्घाटन कहां हुआ? (28 मई, 2022)
- घट्टी (कठुआ जिला, जम्मू एवं कश्मीर)
➲ इसका उद्घाटन भारत सरकार के किस मंत्रालय ने किया?
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय

➡ विश्व के पहले नैनो यूरिया (तरल) संयंत्र का उद्घाटन कहां किया गया? (28 मई, 2022)
- इफ्को (IFFCO), कलोल (गुजरात) में

➡ किसने सार्वजनिक उपयोग के लिए नेशनल डाटा एण्ड एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म को लांच किया? (13 मई, 2022) **- नीति आयोग ने**

➡ भारत को किस परियोजना के लिए 'अपनी पहली' सेमी हाई-स्पीड क्षेत्रीय ट्रेन प्राप्त हुई? (मई, 2022)
- दिल्ली-मेरठ (82.5 किमी. लंबी लाइन) परियोजना
➲ हाई-स्पीड क्षेत्रीय ट्रेन किसके द्वारा विकसित की गई?
- एल्सटॉम (Alstom)
➲ यह सेमी हाई-स्पीड क्षेत्रीय ट्रेन अधिकतम कितनी गति से चल सकती है? **- 180 किमी./घंटा**

➡ हाल ही में 10 गीगावॉट संचयी सौर ऊर्जा स्थापित क्षमता वाला भारत का पहला राज्य कौन बना? (मई, 2022) **- राजस्थान**

➡ विश्व की सबसे बड़ी फिल्म पुनरुद्धार परियोजना (Film Restoration Project) का शुभारंभ किस देश में किया गया? (मई, 2022) **- भारत**
➲ इस परियोजना का शुभारंभ किस मिशन के अंतर्गत किया गया? **- राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन (National Film Heritage Mission)**

➡ पुरानी पेंशन योजना की बहाली को अधिसूचित करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है? (मई, 2022) **- छत्तीसगढ़**
➲ पुरानी पेंशन योजना कब से प्रभावी मानी जाएगी?
-1 अप्रैल, 2022

➡ हाल ही में मध्य प्रदेश स्टार्टअप नीति का शुभारंभ किसके द्वारा किया गया? (13 मई, 2022) **- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**

➲ यह नीति मध्य प्रदेश स्टार्टअप कॉन्क्लेव के दौरान लांच की गई, जिसका आयोजन किया गया था (13 मई, 2022) - इंदौर में

➡ कौन-सा जिला आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (ABPMJAY) - सेहत योजना के तहत 100 प्रतिशत घरों को कवर करने वाला भारत का पहला जिला है? (27 अप्रैल, 2022)

- सांबा (जम्मू-कश्मीर)

➡ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 500 किलोवॉट के सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन कहां किया गया? (24 अप्रैल, 2022)

- पल्ली गांव (जम्मू एवं कश्मीर)

➲ इस उद्घाटन के साथ भारत की पहली कार्बन न्यूट्रल पंचायत कौन बनी?

- पल्ली (जम्मू एवं कश्मीर)

➡ किस योजना को लोक प्रशासन में उत्कृष्टता हेतु प्रधानमंत्री पुरस्कार, 2020 प्रदान किया गया? (21 अप्रैल, 2022)

- उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक)

➲ यह योजना किस मंत्रालय द्वारा संचालित है?

- नागरिक विमानन मंत्रालय

➲ उड़ान को यह पुरस्कार किस श्रेणी के तहत दिया गया?

- "नवाचार (सामान्य) - केंद्रीय"

➡ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने WHO ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन (GCTM) की आधारशिला कहां रखी? (19 अप्रैल, 2022)

- गुजरात

➡ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान हनुमान की प्रतिमा का उद्घाटन कहां किया? (16 अप्रैल, 2022)

- मोरबी, गुजरात

➲ इस प्रतिमा की ऊंचाई कितनी है? - 108 फीट

➲ प्रतिमा को किस परियोजना के हिस्से के रूप में लांच किया गया?

- "हनुमान जी चार धाम"

➡ प्रवासी श्रमिकों की आवाजाही पर नजर रखने हेतु किस प्रणाली को विकसित किया गया? (अप्रैल, 2022)

- माइग्रेशन ट्रैकिंग सिस्टम (MTS)

➲ इस तरह की परियोजना को शुरू करने वाला पहला राज्य है

- महाराष्ट्र

➡ मानव तस्करी रोधी प्रकोष्ठ का शुभारंभ किसने किया? (अप्रैल, 2022)

- राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW)

➡ 'हर गांव में पुस्तकालय' वाला देश का पहला जिला कौन बना? (अप्रैल, 2022) - जामताड़ा (झारखण्ड)

➡ वैक्यूम आधारित सीवरेज (Vacuum Based Sewerage) अपनाने वाला भारत का पहला शहर कौन है? (अप्रैल, 2022)

- आगरा (उत्तर प्रदेश)

➡ नई दिल्ली में स्माइल (SMILE) परियोजना का प्रारंभ किसने किया? (12 फरवरी,2022)

- केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार

स्माइल (SMILE) परियोजना

- पूर्णरूप → Support for Marginalised Individuals for Livelihood and Enterprise
- बजट → 365 करोड़ रुपये (2021-22 से 2025-26 तक)
- उपयोजना
  - ट्रांसजेण्डर व्यक्तियों के कल्याण के लिए व्यापक पुनर्वास की केंद्रीय योजना
  - भिक्षुकों के व्यापक पुनर्वास की केंद्रीय योजना
- लाभान्वित समुदाय → ट्रांसजेण्डर समुदाय तथा भिक्षुक

➡ पर्वतमाला परियोजना की घोषणा की गई? - बजट 2022-23 में

➲ इसे लोक-निजी भागीदारी के आधार पर किस कार्यक्रम के तहत शुरू किया जाएगा? - राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम

➲ वर्तमान में इस परियोजना को किन क्षेत्रों में शुरू किया जाएगा?

- उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर, जम्मू एवं कश्मीर और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में

➡ भारत की किस सुरंग को विश्व की सबसे लंबी राजमार्ग सुरंग के रूप में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया गया है? (9 फरवरी, 2022) - अटल टनल

➲ यह टनल समुद्र तट से कितने फीट की ऊंचाई पर स्थित है?

- 10,000 फीट से अधिक

➲ यह टनल किस दर्रे से गुजरती है? - रोहतांग दर्रे से

➡ किस राज्य के 7 गांवों ने सांसद आदर्श गांव योजना के तहत चयनित शीर्ष 10 गांवों में स्थान प्राप्त किया है? (9 फरवरी, 2022)

- तेलंगाना

➡ केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख माण्डविया ने किस सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत की? (7 फरवरी, 2022)

- सघन मिशन इंद्रधनुष 4.0

➲ यह मिशन देश के 33 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के कितने जिलों में संचालित किया जाएगा? - 416

➲ 'मिशन इंद्रधनुष' का प्रारंभ कब किया गया था?

- 25 दिसंबर, 2014 को

➡ संत श्री रामानुजाचार्य की 216 फीट ऊंची प्रतिमा की स्थापना कहां की गई है? (5 फरवरी, 2022)

- हैदराबाद

➲ इस प्रतिमा को क्या नाम दिया गया है?

- स्टैच्यू ऑफ इक्वैलिटी (समता मूर्ति)

➲ ये प्रतिमा किससे निर्मित है?

- पंचलोह (स्वर्ण, चांदी, तांबा, पीतल एवं जस्ता का संयोजन) से

➲ बैठी हुई मुद्रा में विश्व की दूसरी सबसे ऊंची प्रतिमा कौन-सी है?

- स्टैच्यू ऑफ इक्वैलिटी

➲ बैठी हुई मुद्रा में विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा है?

- ग्रेट बुद्धा (थाईलैण्ड, 302 फीट)

➡ केसर बाउल (Saffron Bowl) परियोजना मेघालय के अलावा और किस राज्य से संबंधित है? (2 फरवरी, 2022)

- अरुणाचल प्रदेश

➡ किस धाम को 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत' (प्रसाद) योजना के अंतर्गत शामिल किया गया? (फरवरी, 2022)

- पुनौरा धाम (बिहार)

➲ किस मंत्रालय द्वारा शामिल किया गया? **- पर्यटन मंत्रालय**

➲ PRASHAD योजना कब शुरू की गई थी? **- वर्ष 2014-2015**

➡ हाल ही में 'नीति आयोग' ने किस पहल के तहत 'अंतरराष्ट्रीय विकास के लिए अमेरिकी अभिकरण' (USAID) के साथ नई साझेदारी की? (फरवरी, 2022)

- सस्टेनेबल एक्सेस टू मार्केट्स एण्ड रिसोर्सेज फॉर इनोवेटिव डिलीवरी ऑफ हेल्थकेयर (SAMRIDH)

➡ किस राज्य में उसकी पहली पवन सौर हाइब्रिड (Wind Solar Hybrid) परियोजना की शुरुआत की गई? (फरवरी, 2022)

- गुजरात

➲ यह परियोजना किसके द्वारा विकसित की गई?

- रीन्यू ग्रीन सॉल्यूशंस (RGS)

➡ किस मंत्रालय द्वारा दवाओं की होम डिलीवरी के लिए योजना शुरू की गई है? (31 जनवरी, 2022) **- केंद्रीय रक्षा मंत्रालय**

➲ इसके द्वारा कौन-सी योजना शुरू की गई है? **- सेहत योजना**

➲ सेहत (SEHAT) का पूरा नाम क्या है?

- सर्विसेज ई-हेल्थ असिस्टेंस एण्ड टेलीकंसल्टेशन

➡ 'आदिबद्री बांध' कहां बनाया जाना प्रस्तावित है?

- यमुनानगर, हरियाणा

➲ 'आदिबद्री बांध' के निर्माण हेतु किन दो राज्यों में समझौता हुआ है? (21 जनवरी, 2022) **- हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश**

➡ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु में किसका उद्घाटन किया? (12 जनवरी, 2022) **- (1) 11 नए मेडिकल कॉलेज (2) सीआईसीटी का एक नया परिसर**

➲ सीआईसीटी (CICT) का पूर्ण रूप क्या है?

- केंद्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान

➡ देश के पहले खिलौना निर्माण क्लस्टर 'कोप्पल टॉय कल्स्टर' का शिलान्यास कहां किया गया? (8 जनवरी, 2022) **- कोप्पल, कर्नाटक**

➡ जल मेट्रो परियोजना वाला भारत का पहला शहर (7 जनवरी, 2022) **- कोच्चि (केरल)**

➡ महाकाली नदी पर पुल निर्माण के लिए भारत ने किस देश के साथ समझौता किया ? (6 जनवरी, 2022) **- नेपाल**

➲ महाकाली नदी पर पुल का निर्माण कहां होगा? **- धारचूला**

➲ महाकाली नदी को और किस नाम से जाना जाता है?

- काली और शारदा

➡ किस राज्य सरकार ने स्टूडेंट स्टार्टअप एण्ड इनोवेशन पॉलिसी 2.0 (SSIP 2.0) लांच की है? (5 जनवरी, 2022) **- गुजरात**

➡ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किस नदी पर बने स्टील ब्रिज का उद्घाटन किया? (4 जनवरी, 2022)

- बराक नदी पर

➲ यह किसके बीच यातायात को आसान बनाएग?

- सिल्चर और इंफाल (मणिपुर) के बीच

➡ भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने देश के छात्रों के लिए किस एकल मंच का अनावरण किया? (3 जनवरी, 2022)

- एनईएटी (NEAT) 3.0 का

➲ इसका उद्देश्य क्या है? **- छात्रों को सर्वोत्तम विकसित एडटेक समाधान और पाठ्यक्रम प्रदान करना**

➲ NEAT का पूर्ण रूप क्या है?

- नेशनल एजुकेशन अलायंस फॉर टेक्नोलॉजी

➡ वर्तमान में निर्माणधीन 'सेला सुरंग' के माध्यम से किन दो स्थानों के मध्य संपर्क सुनिश्चित होगा?

- गुवाहाटी (असम) एवं तवांग (अरुणाचल प्रदेश)

➡ पेंशनभोगियों के लिए जीवन प्रमाण-पत्र के सत्यापन हेतु डिजिटल सेवा लागू करने वाला पहला राज्य कौन-सा है ? (29 दिसंबर, 2021)

- ओडिशा

➡ प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश की किस मेट्रो रेल परियोजना का उद्घाटन किया? (28 दिसंबर, 2021)

- कानपुर मेट्रो रेल परियोजना (कॉरिडोर-1)

➡ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटित 356 किमी. लंबी बीना-पनकी मल्टी प्रोडक्ट पाइपलाइन परियोजना की क्षमता कितनी है ?

- 34 लाख, 50 हजार मीट्रिक टन प्रतिवर्ष

➡ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किस जिले में जलविद्युत परियोजना का उद्घाटन और शिलान्यास किया ? (27 दिसंबर, 2021)

- मण्डी, हिमाचल प्रदेश

➲ ये जलविद्युत परियोजनाएं निम्न हैं **- (1) रेणुकाजी बांध परियोजना (2) लुहरी चरण-1 जलविद्युत परियोजना (3) धौलासिद्ध जलविद्युत परियोजना (4) सावरा-कुड्डू**

➲ 111 मेगावॉट की सावरा-कुड्डू परियोजना से प्रतिवर्ष कितनी यूनिट बिजली का उत्पादन होगा ? **- 380 मिलियन से अधिक**

➲ रेणुकाजी बांध परियोजना (40 मेगावॉट) की निर्माण लागत कितनी है ? **- लगभग 7000 करोड़ रुपये**

➲ रेणुकाजी बांध परियोजना से दिल्ली को कितने क्यूबिक मीटर पानी की आपूर्ति होगी ? **- प्रतिवर्ष लगभग 500 मिलियन**

➲ 210 मेगावॉट का लुहरी चरण-1 जलविद्युत परियोजना से प्रतिवर्ष कितनी यूनिट बिजली का उत्पादन होगा ? **- लगभग 750 मिलियन**

➲ 66 मेगावॉट की धौलासिद्ध जलविद्युत परियोजना की निर्माण लागत है **- लगभग 680 करोड़ रुपये**

➲ धौलासिद्ध से प्रतिवर्ष कितनी यूनिट बिजली का उत्पादन होगा?

- 300 मिलियन से अधिक

➡ 'एकल ईंधन-सेल आधारित माइक्रोग्रिड परियोजना' की शुरुआत कहां की गई है ? (15 दिसंबर, 2021) - सिम्हाद्री, आंध्र प्रदेश

➲ इस परियोजना का प्रारंभ किसके द्वारा किया गया है ? - NTPC लिमिटेड

➡ 13 दिसंबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मां उमिया धाम विकास परियोजना की आधारशिला कहां रखी ? - सोला, अहमदाबाद

➲ मां उमिया किस संप्रदाय की अधिष्ठात्री देवी हैं ? - कदवा पाटीदार

➡ किस राज्य ने माओवादी प्रभावित जिलों में 'SAHAY' योजना प्रारंभ किया ? (दिसंबर, 2021) - झारखण्ड

➲ 'SAHAY' योजना का पूर्ण रूप क्या है ?- Sports Action towards Harnessing Aspiration of Youth

➡ सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना का उद्घाटन कहां किया गया? - बलरामपुर, उत्तर प्रदेश

➲ परियोजना का उद्घाटन किसके द्वारा किया गया ? (11 दिसंबर, 2021) - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

➲ परियोजना 9 जिलों की कितनी नदियों को जोड़ती है ? - पांच

➲ ये पांच नदियां हैं - घाघरा, सरयू, राप्ती, बाण गंगा और रोहिणी

➡ 18 दिसंबर,2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गंगा एक्सप्रेस-वे की आधारशिला कहां रखी? - शाहजहांपुर, उ.प्र.

➲ एक्सप्रेस-वे कितने जिलों से होकर गुजरेगा? - 12 (मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज)

➲ एक्सप्रेस-वे पर 3.5 किमी. लंबी हवाई पट्टी कहां निर्मित की जाएगी? - शाहजहांपुर

➲ गंगा एक्सप्रेस-वे की लंबाई - लगभग 594 किमी.

➡ वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण कब किया गया? - 13 दिसंबर,2021 को

➲ लोकार्पण किसने किया ? - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने

➲ वर्तमान में श्री काशी विश्वनाथ धाम का कुल क्षेत्रफल कितना हो गया है? - लगभग 5 लाख वर्ग फीट (पूर्व में 3000 वर्ग फीट)

➡ शहरी नदियों के सतत प्रबंधन के लिए रिवर सिटीज अलायंस (RCA) लांच किया है (25 नवंबर, 2021) - जल शक्ति मंत्रालय ने

➲ RCA का सचिवालय स्थित होगा - राष्ट्रीय शहरी कार्य संस्थान (NIUA) में

➡ ऊर्जा साक्षरता अभियान (USHA) प्रारंभ करने वाला राज्य है (23 नवंबर, 2021) - मध्य प्रदेश

➡ विश्व का सबसे बड़ा सोलर पार्क स्थापित किया गया है (12 नवंबर, 2021) - भादला, राजस्थान

➲ भादला सोलर पार्क विस्तृत है - 14,000 एकड़ में

➲ भादला सोलर पार्क की परिचालन क्षमता है - 2245 मेगावॉट

➡ भारत में स्वास्थ्य देखभाल अवसंरचना को सुदृढ़ करने संबंधी देश की सबसे बड़ी योजनाओं में से एक है - प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन

➲ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'PM आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन' (PM Ayushman Bharat Health Infrastructure Mission) का शुभारंभ किया (25 अक्टूबर, 2021) - वाराणसी, उत्तर प्रदेश से

➲ PM आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत स्थापित किए जाने वाले संस्थानों में शामिल हैं - 1. नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर वन हेल्थ 2. 4 नए राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (National Institutes for Virology)

➡ 13 अक्टूबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए, जिस राष्ट्रीय मास्टर प्लान का शुभारंभ किया - पीएम गति शक्ति

➲ PM गति शक्ति जिन 6 स्तंभों पर आधारित है, वह हैं - 1. व्यापकता (Comprehensiveness) 2. प्राथमिकता (Prioritization) 3. अधिकतम उपयोग (Optimization) 4. सामंजस्यीकरण (Synchronization) 5. विश्लेषणात्मक (Analytical) 6. गतिशीलता (Dynamic)

➲ PM गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत, गठित सचिवों के अधिकार-प्राप्त समूह के अध्यक्ष - कैबिनेट सचिव

➲ PM गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत, निवेश की जाने वाली कुल राशि है - 100 लाख करोड़ रु.

➲ PM गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की क्षमता को वर्ष 2024-25 तक 87.7 गीगावॉट से बढ़ाकर किया जाएगा - 225 गीगावॉट

➡ 12 अक्टूबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमण्डल ने निरंतर अच्छे परिणाम देने वाले स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (SBM-U) को जारी रखने की मंजूरी दी - वर्ष 2025-26 तक

➲ एसबीएम-यू की शुरुआत हुई थी - 2 अक्टूबर , 2014 को

➡ 12 अक्टूबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमण्डल ने नवीकरण और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन 'अमृत' (AMRUT) को जारी रखने की अनुमति प्रदान की - वर्ष 2025-26 तक

➲ नवीकरण और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन (अमृत) का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था - जून, 2015 में

➡ 1 अक्टूबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शहरी क्षेत्रों के कायांतरण के लिए, जिन दो मिशनों का शुभारंभ किया गया - स्वच्छ भारत मिशन- शहरी 2.0 और अमृत 2.0

➲ SBM-U 2.0 के तहत, सभी सांविधिक नगरों (Statutory towns) को न्यूनतम इस श्रेणी के अंतर्गत लाना प्रस्तावित है - ODF+

➲ SBM-U 2.0 के तहत, 1 लाख से कम जनसंख्या वाले सभी शहरों को इस श्रेणी के अंतर्गत लाना प्रस्तावित है - ODF++

➡ पूर्व में चल रही मध्याह्न भोजन योजना के स्थान पर केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत योजना है (20 सितंबर, 2021) - प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना

➲ प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की क्रियान्वयन अवधि है - वर्ष 2021-22 से 2025-26